संख्या-10/2016-सा-3-187/दस-2016-26/98टी0सी0-2

प्रेषक,

नील रतन कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पेंशन निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

वित्त(सामान्य)अनुभाग-3 लखनऊः दिनॉक: 30 मार्च, 2016

विषयः- पेंशन निदेशालय में अपर निदेशक के 01 पद का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-पे0नि0/अधि0-112/2015-16/6246 दिनाँक 30-09-2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल पेंशन निदेशालय में पे-बैण्ड रू0 37400-67000 ग्रेड-पे रू0 8900/- में अपर निदेशक का 01 पद दिनाँक 28-02-2017 तक के लिये सृजित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, बशर्ते कि उसके पूर्व उक्त पद को समाप्त न कर दिया जायेगा।

2- उक्त पद पर उ0प्र0, वित्त एवं लेखा संवर्ग के उक्त पे-बैण्ड एवं ग्रेड-पे में कार्यरत अधिकारी की तैनाती की जायगी। उक्त पद धारक को शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अनुसार महगांई भत्ता एवं अन्य भत्ते जो भी अनुमन्य हो देय होंगे।

3- उपरोक्त पद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-65 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष ''2054-खजाना तथा लेखा प्रशासन-800-अन्य व्यय-03-पेंशन निदेशालय'' की सुसंगत ईकाईयों के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

संख्या-10/2016-सा-3-187(1)/दस-2016-26/98टी0सी0-2, तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
3- वित्त (सेवायें) अनुभाग-2
4- वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1

आज्ञा से,

नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in